आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर महाराष्ट्र में मचा सियासी बवाल

» संजय राउत का विधानसभा अध्यक्ष पर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

» राहुल नार्वेकर ने आरोपों को सिरे से खारिज किया दी मानहानि की चेतावनी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर महाराष्ट्र में सियासी बवाल मच गया है। शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर अलीबाग में आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पद से हटाने और प्रभावित परिवारों को पुनर्वास व मुआवजा देने की अपील की। वहीं राहुल नार्वेकर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर रायगढ़ के अलीबाग में आदिवासी परिवारों की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया और उन्हें पद से हटाए जाने की मांग की। वहीं, नार्वेकर ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि





वह राउत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राउत के आरोप उनकी पार्टी में बगावत के बाद शिवसेना विधायकों की अयोग्यता संबंधी मामले में उनके आदेश से जुड़े हैं। राउत ने कहा कि फरवरी 2024 में नार्वेकर ने अपनी पत्नी सरोजिनी के नाम पर (15 एकड़) जमीन खरीदी थी। उन्होंने आरोप लगाया, ''जब पता चला कि जमीन पर आदिवासियों के घर बने हुए हैं, तो नार्वेकर का एजेंट दशरथ पाटिल एक बड़ी भीड़ के साथ वहां पहुंचा और बिना किसी पूर्व सूचना के, जेसीबी का इस्तेमाल करके आदिवासियों के घरों को ढहा दिया।'' राउत ने कहा, ''जब आदिवासी-कटकारी परिवारों ने पीड़ा में गुहार लगाई, तो उन्हें अपनी बस्ती (वाडी) से दो-तीन किलोमीटर दूर किसी दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर किया गया। कुछ परिवारों को थोड़ी-बहुत रकम दी गई, जबकि बाकी लोगों को कुछ भी नहीं मिला।

सीएम फडणवीस को लिखा पत्र



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखे पत्र में, राउत ने अपने आरोपों के संबंध में तत्काल एवं स्वतंत्र जांच कराए जाने की मांग की। राउत ने पत्र में कहा कि विस्थापित आदिवासी परिवारों को उनकी मूल जमीन पर फिर से बसाया जाना चाहिए, या फिर उन्हें कोई उपयुक्त वैकल्पिक जगह एवं मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और पुलिस प्रशासन संबंधित आदिवासियों को वहां से भगाने के लिए बल का प्रयोग कर रहे हैं।

नार्वेकर को तुरंत उनके पद से हटाना जरूरी

अगर यह सब अध्यक्ष के दबाव में हो रहा है, तो नार्वेकर को तुरंत उनके पद से हटाना जरूरी है। राउत ने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए। शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि नार्वेकर और उनके पार्षद भाई मकरंद नार्वेकर काफी समय से अलीबाग तालुका में बड़े पैमाने पर जमीन खरीद रहे हैं, और उन्होंने गरीब आदिवासियों की जमीन को भी नहीं बख्शा है। राउत ने कहा, ''महात्रोली गांव में कटकारी आदिवासी परिवार की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना, उनका घर गिरा देना और पूरे परिवार को बेघर कर देना - यह महाराष्ट्र की छवि पर एक कलंक है।'' उन्होंने दावा किया कि 24 मार्च 2024 और उसके बाद के दिनों में, रायगढ़ जिले में अलीबाग तालुका में महात्रोली गांव की कटकारी आदिवासी बस्ती (वाडी) में पीढ़ियों से रह रहे लगभग 20 आदिवासी परिवारों के घरों को अवैध रूप से गिरा दिया गया और उन्हें जबरन विस्थापित कर दिया गया।

तेजस्वी के लिए मंत्री ने दी अपनी कुर्सी

» आठ नए एमएलसी के शपथ ग्रहण के दौरान दिखी अलग राजनीति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार विधान परिषद को सोमवार को आठ नए सदस्य मिल गए हैं। हाल ही में संपन्न स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव में जीत हासिल करने वाले आठ नव-निर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। बिहार विधान परिषद के आठ नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक दिलचस्प घटनाक म देखने को मिला।

सदन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पहुंचने पर उनके लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं थी। यह देखते ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों से उनके बैठने के लिए कुर्सी लगाने को कहा। इसके बाद मंत्री रामकृपाल यादव ने अपनी कुर्सी तेजस्वी



यादव को दे दी और उनके लिए दूसरी जगह कुर्सी लगाई गई। तेजस्वी यादव बाद में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव के बगल में जाकर बैठे, जहां दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान परिषद के सभापति समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। आठ नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के शपथ ग्रहण के बीच कुर्सी को लेकर हुए इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में खूब ध्यान खींचा।

समारोह दोपहर विधान परिषद के सभागार में आयोजित समारोह में कार्यकारी सभापति प्रो. रामवचन राय ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाइ। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा सरकार के कई मंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल होने पहुंचे। आज लंबे समय से शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे कुछ पुराने चेहरों की जगह नए सदस्य सदन में पहुंचेंगे।

जन सुराज ने पहली बार विधान परिषद में खोला खाता

इस चुनाव के नतीजों ने विधान परिषद की राजनीतिक तस्वीर में कुछ बदलाव किए हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज कर पहली बार उच्च सदन में अपना खाता खोला। वहीं पटना शिक्षक सीट पर एनडीए को 30 साल बाद हार का सामना करना पड़ा। यहां से भाजपा प्रत्याशी नवल किशोर यादव को राजद के डॉ. संजीव कुमार ने हरा दिया। तिरहुत स्नातक पर जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा को निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी ने हरा दिया। वहीं सबसे चर्चित सीट पटना स्नातक सीट पर जदयू ने फिर से जीत हासिल की।

ध्रुव राठी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

» अपलोड किए गए एक वीडियो से संबंधित है मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2018 के मानहानि मामले में सोमवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट अनाम रईस खान ने यह वारंट विकास संस्कृत्यायन उर्फ विकास पांडे की ओर से दायर मामले में जारी किया।

यह मामला राठी के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए एक वीडियो से संबंधित है। मामले में आगे की सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इससे पहले, 31 अक्टूबर को अदालत ने राठी के खिलाफ नए सिरे से जमानती वारंट जारी किए थे। अदालत ने उनके खिलाफ 17 अक्टूबर को जमानती वारंट जारी किया था। उस समय अदालत के प्रक्रिया सर्वर ने बताया था कि नोटिस तामील कराने के लिए उनके घर पहुंचने पर मकान बंद मिला। अदालत ने राठी को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित उनके पते पर नए समन भी जारी किए थे।

सरकार खतरनाक योजना बना रही : जयराम रमेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद के आगामी सत्र की तारीखों की घोषणा में विलंब और परिसीमन के मुद्दे पर सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी या तो असमंजस में है या फिर कोई बेहद खतरनाक योजना बना रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अब तक देश को पता चल जाना चाहिए था कि संसद का शीतकालीन सत्र कब शुरू होगा। वहीं शशी थरूर ने रोजगार को लेकर सरकार को घेरा है। थरूर ने नौकरी चाहने वालों, खासकर कॉलेज से स्नातक करने वालों के सामने आ रही मुश्किलों पर प्रकाश डाला और कहा कि रोज़गार की स्थिति पर अधिक ध्यान देने की ज़रूरत है।



उन्होंने कहा लोग हमें बताते हैं कि नौकरी पाना बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की जोड़ी आखिर क्या खेल खेल रही है, बशर्ते कि यह जोड़ी अब भी साथ है? उन्होंने कहा, अब तक देश को पता चल जाना चाहिए था कि संसद का शीतकालीन सत्र कब होगा, बशर्ते कि शीतकालीन सत्र आयोजित किया जाएगा। रमेश ने कहा, अब तक देश को यह भी पता चल जाना चाहिए था कि संसद का मानसून सत्र दोबारा कब बुलाया जाएगा जिसका अभी तक सत्रावसान नहीं हुआ है, बशर्ते इसे दोबारा बुलाया जाए।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को मिली राहत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में दर्ज छह आपराधिक मामलों में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को दंडात्मक कार्रवाई से मिली अंतरिम राहत की अवधि सोमवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने इस साल मई से बनर्जी के खिलाफ दर्ज छह मामलों के संबंध में उनकी ओर से दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अंतरिम राहत की अवधि बढ़ाई।

डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी को मिली यह राहत 26 फरवरी 2027 तक या अदालत के अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) लागू रहेगी। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने इनमें से तीन मामलों में 25 अगस्त को दी गई अंतरिम राहत की अवधि बढ़ाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है और परिस्थितियों में ऐसा कोई बदलाव नहीं आया है जिसके आधार पर बनर्जी को राहत की अवधि बढ़ाने से इनकार किया जाए। विशेष अनुमति याचिका में खामियां हैं।



महाराष्ट्र कार्यालय:- 4पीएम न्यूज़ नेटवर्क, 2-डी सिटी मॉल, अंधेरी वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400053। विधि सलाहकार: मोहम्मद हैदर
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
RNI-UPHIN/2015/62233, दूरभाष: 0522- 4078371 | Email: daily4pm@gmail.com | website: www.4pm.co.in |
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा
द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित
पता 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। संपादक- संजय शर्मा